ATOMIC ENERGY CENTRAL SCHOOL NO.3 RAWATBHATA

वार्षिक परीक्षा– 2019-20

कक्षा- ग्यारहवीं विषय- हिन्दी कोर
समय- 3 घंटा पूर्णांक- 80

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (10)

संस्कृति और सभ्यता-ये दो शब्द हैं और उनके अर्थ भी अलग-अलग हैं। सभ्यता मनुष्य का वह गुण है जिससे वह अपनी बाहरी तरक्की करता है। संस्कृति वह गुण है जिससे वह अपनी भीतरी उन्नति करता है, करुणा, प्रेम और परोपकार सीखता है। आज रेलगाड़ी, मोटर और हवाई जहाज, लंबी-चौड़ी सड़कें और बड़े-बड़े मकान, अच्छा भोजन और अच्छी पोशाक, ये सभ्यता की पहचान हैं और जिस देश में इनकी जितनी ही अधिकता है उस देश को हम उतना ही सभ्य मानते हैं। मगर संस्कृति इस सबसे कहीं बारीक चीज है। वह मोटर नहीं, मोटर बनाने की कला है, मकान नहीं, मकान बनाने की रुचि है। संस्कृति धन नहीं, गुण है। संस्कृति ठाठ-बाट नहीं, विनय और विनम्रता है। एक कहावत है कि सभ्यता वह चीज है जो हमारे पास है, लेकिन संस्कृति वह गुण है जो हममें छिपा हुआ है। हमारे पास घर होता है, कपड़े-लत्ते होते हैं, मगर ये सारी चीजें हमारी सभ्यता के सबूत हैं, जबकि संस्कृति इतने मोटे तौर पर दिखलाई नहीं देती, वह बहुत ही सूक्ष्म और महीन चीज है और वह हमारी हर पसंद, हर आदत में छिपी रहती है। मकान बनाना सभ्यता का काम है, लेकिन हम मकान का कौन-सा नक्शा पसंद करते हैं-यह हमारी संस्कृति बतलाती है। आदमी के भीतर काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह और मत्सर ये छह विकार प्रकृति के दिए हुए हैं। अगर ये विकार बेरोक छोड़ दिए जाए तो आदमी इतना गिर जाए कि उसमें और जानवर में कोई भेद नहीं रह जाए। इसलिए आदमी इन विचारों पर रोक लगाता है। इन दुर्गुणों पर जो आदमी जितना ज्यादा काबू कर पाता है, उसकी संस्कृति भी उतनी ही ऊँची समझी जाती है। संस्कृति का स्वभाव है कि वह आदान-प्रदान से बढ़ती है। जब दो देशों या जातियों के लोग आपस में मिलते हैं तब उन दोनों की संस्कृतियाँ एक-दूसरे को प्रभावित करती हैं। इसलिए संस्कृति की दृष्टि से वह जाति या वह देश बहुत ही धनी समझा जाता है जिसने ज्यादा-से-ज्यादा देशों या जातियों की संस्कृतियों से लाभ उठाकर अपनी संस्कृति का विकास किया हो।

i. सभ्यता का अर्थ और इसकी पहचान बताइए। 2

ii. संस्कृति से आप क्या समझते हैं? इसकी विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। 2

iii. मनुष्य के अंदर कौन-कौन से विकार हैं? इन विकारों और संस्कृति में क्या विरोधाभास है? 2

iv. संस्कृति का स्वभाव बताते हुए स्पष्ट कीजिए कि सांस्कृतिक रूप से किन देशों को धनी समझा जाता है? 2

v. स्वार्थ और असभ्यता शब्दों के विलोम गद्यांश से छांटकर लिखिए। 1

vi. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

प्रश्न-2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (1x6=6)

जीवन एक कुआँ है
अथाह-अगम
सबके लिए एक-सा वृत्ताकार!
जो भी पास जाता है,
सहज ही तृप्ति, शांति, जीवन पाता है!
मगर छिद्र होते हैं जिसके पात्र में,
रस्सी-डोर रखने के बाद भी,
हर प्रयत्न करने के बाद भी-
वह यहाँ प्यासा का प्यासा रह जाता है।
मेरे मन! तूने भी, बार-बार
बड़ी-बड़ी रस्सियाँ बटीं
रोज-रोज कुएँ पर गया
तरह-तरह घड़े को चमकाया,
पानी में डुबाया, उतराया
लेकिन तू सदा ही-
प्यासा गया, प्यासा ही आया!
और दोष तूने दिया
कभी तो कुएँ को
कभी पानी को
कभी सब को
मगर कभी जाँचा नहीं खुद को
परखा नहीं घड़े की तली को चीन्हा नहीं उन असंख्य छिद्रों को
और मूढ! अब तो खुद को परख देख

i. कविता में जीवन को कुआँ क्यों कहा गया है?

ii. कैसा व्यक्ति कुएँ के पास जाकर भी प्यासा रह जाता है?

iii. कवि का मन सभी प्रकार के प्रयासों के उपरांत भी प्यासा क्यों रह जाता है?

iv. किन पंक्तियों का आशय है-हम अपनी असफलताओं के लिए दूसरों को दोषी मानते हैं?

v. यदि किसी को असफलता प्राप्त हो रही हो तो उसे किन बातों की जाँच-परख करनी चाहिए?

vi. पात्र में छिद्र होने का आशय क्या है?

खण्ड –ख

प्रश्न-3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दृश्य लेखन(फ़ीचर लेखन) लिखिए- 5

i. बोर्ड परीक्षा से पूर्व परीक्षा भवन के बाहर का दृश्य

ii. विदाई समारोह

प्रश्न-4. आपके क्षेत्र में कुछ लघु उद्योग इकाइयाँ दूषित पानी का शोधन किए बिना नालियों में बहा रही हैं, जिससे जल प्रदूषण बढ़ रहा है। इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए अपने जिले के प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी को पत्र लिखिए। 5

अथवा एक निजी विद्यालय में हिंदी के शिक्षक की आवश्यकता है। इस पद हेतु अपनी योग्यता का विवरण देते हुए आवेदन पत्र लिखिए।

प्रश्न-5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षेप में उत्तर दीजिए-1 x 4 = 4

i. समाचारों के संपादन में किन प्रमुख सिद्धान्तों का पालन जरूरी है?

ii. शोर क्या है?

iii. वॉचडॉग पत्रकारिता क्या है?

iv. डेड लाइन का क्या आशय है?

v. जनंसचार की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

प्रश्न-6 'वैचारिक मतभेदों के बीच मानवीयता होनी चाहिए' विषय पर एक आलेख लिखिए। अंक -3

प्रश्न-7. शब्दकोश किसे कहते हैं?और इसकी उपयोगिता को समझाइए। अंक- 3

खण्ड- ग (पाठ्यपुस्तक से सम्बन्धित)

प्रश्न-8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2 अंक×3=6)

और माँ बिन-पढ़ी मेरी,
दुःख में वह गढ़ी मेरी
माँ कि जिसकी गोद में सिर,
रख लिया तो दुख नहीं फिर,
माँ कि जिसकी स्नेह-धारा,
का यहाँ तक भी पसारा,
उसे लिखना नहीं आता,
जो कि उसका पत्र पाता।
पिता जी जिनको बुढ़ापा,
एक क्षण भी नहीं व्यापा,
जो अभी भी दौड़ जाएँ
जो अभी भी खिलखिलाएँ,
मौत के आगे न हिचकें,
शर के आगे न बिचकें,
बोल में बादल गरजता,
काम में झझा लरजता,

i. कवि को माँ का पत्र क्यों नहीं मिल पाता?

ii. कवि के पिता की चार विशेषताएँ बताइए।

iii. 'पिता जी को बुढ़ापा नहीं व्यापा'-आशय स्पष्ट करें।

प्रश्न-9.निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (3 अंक x2= 6)

चम्पा सुन्दर की लडकी है
सुन्दर ग्वाला है : गायें-भैंसें रखता है
चम्पा चौपायों को लेकर
चरवाही करने जाती है
मैंने कहा कि चम्पा, पढ़ लेना अच्छा है
ब्याह तुम्हारा होगा, तुम गौने जाओगी,
कुछ दिन बालम संग साथ रह चला जाएगा जब कलकता
बड़ी दूर है वह कलकता
कैसे उसे संदेसा दोगी।

क. कविता के भाषागत सौन्दर्य की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

ख. कविता में प्रयुक्त 'ग्वाला', चौपाया, चरवाही, गौने आदि शब्द किन सन्दर्भों में प्रयुक्त हुए हैं? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न-10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए- (2 अंक x 2 = 4)

i. कबीर ने नियम और धर्म का पालन करने वाले लोगों की किन कमियों की ओर संकेत किया है?

ii. आओ, मिलकर बचाएँ कविता में बस्तियों को शहर की किस आबो-हवा से बचाने की आवश्यकता है?

iii. सपनों का मर जाना किस प्रकार खतरनाक है?

iv. दुष्यंत की इस गजल का मिजाज बदलाव के पक्ष में है। इस कथन पर विचार करें।

प्रश्न-11. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2×3=6)+ (1x1)

मध्य हिमालय की जो श्रेणियाँ स्पीति को घेरे हुए हैं उनमें से जो उत्तर में हैं उसे बारालाचा श्रेणियों का विस्तार समझें। बारालाचा दरें की ऊँचाई का अनुमान 16,221 फीट से लगाकर 16,500 फीट का लगाया गया है। इस पर्वत-श्रेणी में दो चोटियों की ऊँचाई 21,000 फीट से अधिक है। दक्षिण में जो श्रेणी है वह माने श्रेणी कहलाती है। इसका क्या अर्थ है? कहीं यह बौद्धों के माने मंत्र के नाम पर तो नहीं है? 'ओं मणि पद्मे हुं' इनका बीज मंत्र है इसका बड़ा महात्म्य है। इसे संक्षेप में माने कहते हैं। कहीं इस श्रेणी का नाम इस माने के नाम पर तो नहीं है? अगर नहीं है तो करने जैसा है। यहाँ इन पहाड़ियों में माने का इतना जाप हुआ है कि यह नाम उन श्रेणियों को दे डालना ही सहज है।

i. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? 1 अंक

ii. स्पीति की किन पर्वतश्रेणियों ने घर रखा है? उनकी ऊँचाई कितनी हैं?

iii. दक्षिण की श्रेणी के नामकरण का क्या आधार हैं?

iv. स्पीति में किस धर्म का प्रभाव है? सप्रमाण उत्तर दीजिए।

प्रश्न-12. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (3 x 3 = 9)

i. 'लड़कियाँ हैं, वह घास-फूस की तरह बढ़ती चली जाती हैं।' वाक्य समाज में लड़कियों की स्थिति की किस वास्तविकता को प्रकट करता है?

ii. रजनी पाठ में गलती करने वाला तो है ही गुनहगार, पर उसे बर्दाश्त करने वाला भी कम गुनहगार नहीं होता-इस संवाद के संदर्भ में आप सबसे ज्यादा किसे और क्यों गुनहगार मानते हैं?

iii. भारत की एकता को भारत माता पाठ में किस आधार पर सिद्ध किया गया है? स्पष्ट कीजिए।

iv. जामुन के पेड़ पाठ में व्यवस्था के स्वरूप को रेखांकित कीजिए।

प्रश्न-13.पाठ की विषयवस्तु पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –(4 x 3 =12)

i. आलो-आँधारि पाठ के किन अंशों से समाज की यह सच्चाई उजागर होती है कि पुरुष के बिना स्त्री का कोई अस्तित्व नहीं है। क्या वर्तमान समय में स्त्रियों की इस सामाजिक स्थिति में कोई परिवर्तन आया है? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

ii. राजस्थान में कुंई केवल जल आपूर्ति ही नहीं करतीं, सामाजिक संबंध भी बनाती हैं, कैसे?

iii. लेखक ने लता की गायकी की किन विशेषताओं को उजागर किया है? आपको लता की गायकी में कौन-सी विशेषताएँ नज़र आती हैं? उदाहरण सहित बताइए।